होली की शुभकामनायें !

ई-समाचार पत्र

सहारनपुर नगर निगम

मासिक अवलोकन

संस्करण-1, अंक-10 माह- मार्च, 2016

SAHART

प्रकाशक
नगर आयुक्त
नगर निगम सहारनपुर

सम्पादकीय मण्डल
सच्चिदानंद सिंह
प्रदीप कुमार मित्तल
प्रमोद कुमार गुप्ता
राजीव कुमार चौधरी
डा० ए० के० त्रिपाठी
डी० एम० कटियार
संजय भटनागर
कुलदीप कुमार

इस संस्करण में :-

नगर आयुक्त की कलम से	1
पांवधोई सफाई अभियान	1
स्वकर निर्धारण कैम्प का आयोजन	2
नगर निगम कार्यालय का निरिक्षण	2
सहार्ट में संशोधन हेतु बैठक	3
सहार्ट संशोधन से नागरिक अवगत	3
स्वास्थ्य विभाग की तैयारी तथा प्रयास	3
अपग्रेड वेब साईट का लोकार्पण	3
14वां वित्त आयोग अंतर्गत प्रस्ताव	4
नगर निगम के वार्षिक ठेके	4
बैसाखी मेले की तैयारी	5
शिकायत, जनसूचना तथा अन्य	5

नगर आयुक्त की कलम से ....

आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाये! आप सभी से मेरा आग्रह है की इस रंगों के त्योहार को शांति पूर्वक मनायें।

होली के अवसर पर नगर निगम की ओर से सफाई का विशेष ध्यान रखा जायेगा और जल-कल विभाग को 24 घंटे पानी की आपूर्ति हेतु निर्देशित किया गया है।

नगर निगम सदैव आपकी सेवा में तत्पर है और आपको अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध करने के लिए प्रयासरत है। आप लोगों को मैं यह भी अवगत कराना चाहूँगा की संपत्ति कर विभाग की ओर से भवनों के संपत्ति कर पर दिनांक 31 मार्च 2016 तक सभी भवनों पर 10% की छूट का प्राविधान किया गया है, आप लोग उक्त तिथि से पहले अपना संपत्ति कर जमा करके 10% छूट का लाभ उठा सकते हैं। आपकी सुविधा हेतु संपत्ति कर जमा करने हेतु नगर निगम परिसर में स्थित कम्प्यूटराइज टैक्स संग्रहण कक्ष को अवकाश के दिनों में भी खोले जाने की व्यवस्था की गयी है। निकाय की और से चलाये जा रहे सफाई अभियान में अपना सहयोग दें। आइये सहारनपुर नगर को साफ़-सुथरा, हरा-भरा, प्रदूषण रहित तथा सुरक्षित बनाने हेतु न केवल स्वयं जुट जाये वरन सम्बन्धियों, पड़ोसियों तथा मित्रों को भी जोड़ें।

आप अपने अमूल्य विचारों तथा सुझावों से हमें दूरभाष, ई-मेल, तथा फेसबुक पर भी अवगत करा सकते हैं ।

डा० नीरज शुक्ला
नगर आयुक्त
सहारनपुर नगर निगम

Heritage City Development and Augmentation Yojana (HRIDAY)

Housing for All by 2022

Swachh Bharat Mission

Smart City Mission

Atal Mission for Rejuvenation & Urban Transformation

मच्छरों से बचाव हेतु फागिंग तथा दवा छिडकाव का रोस्टर बनाया जा चुका है, जो की 27 मार्च, 2016 से आरम्भ होकर 09 अप्रैल,2016 तक चलेगा।

शुभकामनाओं सहित.........

डा0 नीरज शुक्ला
नगर आयुक्त,
सहारनपुर नगर निगम

पांवधोई सफाई अभियान-

स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा० ए० के० त्रिपाठी के नेतृत्व में सहारनपुर नगर से होकर जाने वाली पांवधोई नदी की नगर निगम सफाई में लगे सफाई कर्मचारीयों का समूह तथा नगर निगम के कर्मचारीगण।

स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत नगर निगम सहारनपुर की और से चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सहारनपुर से होकर गुजरने वाली पौराणिक पांवधोई नदी की सफाई हेतु दिनांक 06-02-16 से एक माह का अभियान चलाया जिसमें 20 सफाई कर्मचारियों की एक टीम को लगाया गया। एक पोकलैंड मशीन लगा कर धोबी घाट से काली मंदिर तक सफाई करायी गयी। एक सप्ताह तक जे०सी०बी० व लोडर लगा कर सिल्ट सफाई का कार्य भी कराया गया, जिससे निकली 50 ट्रक सिल्ट को 2 ट्रिपर गाड़ियाँ लगा कर उठवाया गया। यह सफाई कार्य काली मंदिर से राकेश टाकीज़ तक 2.5 कि० मी० चला।

भवनों के संपत्ति कर निर्धारण हेतु स्वकर निर्धारण कैम्प का आयोजन-

संपत्ति कर विभाग की ओर से भवन स्वामियों को दिनांक 31-0316 तक दी जा रही 10%की छूट से लाभान्वित करने हेतु नगर नगम परिसर में लगाया गये स्वकर निर्धारण कैम्प का संचालन करते कर विभाग के अधिकारी व कर्मचारी

शासन स्तर से प्रचलित तथा नगर निगम सहारनपुर में आवासीय/ अनावासीय भवनों के कर मूल्यांकन हेतु लागू एक मात्र प्रणाली के आधार पर समस्त भवनों के कर मूल्यांकित एवं जमा किये जा रहे हैं। यह प्रणाली पूर्णत: वस्तुनिष्ठ, सरल एवं पारदर्शी है। सहारनपुर नगर निगम अंतर्गत आने वाले समस्त भवन स्वामीयों/ अध्यासीयों की सुविधा हेतु एक विशेष कैम्प का का आयोजन 01 मार्च 2016 से 10 मार्च 2016 तक किया गया, जिसमें समयावधि प्रात: 10 बजे से 2:00 तक थी।, उक्त कैम्प में बड़ी संख्या में नागरिकों ने प्रतिभाग करते हुए अपने भवनों का आकलन कर भवन कर जमा कराकर 10% छूट का लाभ उठाया। नगर निगम अंतर्गत गृहकर अनुभाग में पंजीकृत सम्पत्तियों के विवरण को कम्प्यूटरीकृत करने के साथ साथ सर्वेक्षण के माध्यम से अपंजीकृत सम्पत्तियों को पंजीकृत करने की कार्यवाही की जा रही है, उक्त हेतु स्थानीय स्तर पर विकसित साफ्टवेयर के माध्यम से बिल जारी किये जा रहे हैं और नागरिकों की सुविधा के लिये बिल संग्रहण हेतु निकाय परिसर में कम्प्यूटरीकृत बिल संग्रहण कक्ष भी बनाया गया है, जिसके माध्यम दिनांक 14-03-16 तक कुल 14647 भवनों का संपत्ति कर रु० 243.03 लाख का संग्रहण किया जा चुका है। आप लोगों को यदि बिल न प्राप्त हुए हों तो, बिना बिल की प्रतीक्षा किये इस सुविधा का लाभ उठायें क्योकि इस अंतिम अवसर के उपरांत बकाये संपत्ति कर पर ब्याज भी देय होगी।

नागरिकों से अनुरोध

- कूड़ा-करकट निर्धारित स्थानों पर ही डाले ।
- गृहकर- जलकर का ससमय भुगतान करें ।
- पालीथिन का प्रयोग न करें।
- धूम्रपान का प्रयोग न करें ।
- सार्वजनिक सम्पतियों को हानि न पहुंचायें।
- अतिक्रमण न करें ।
- प्रत्येक परिवार कम से कम एक पेड़ लगाए।
- नगर क्षेत्र को हरा-भरा बनायें।
- यातायात नियमों का पालन।
- अपने वाहनों से प्रदूषण नियंत्रित रखें।
- जल अमूल्य है, जल का प्रयोग सावधानी से करें।

डा० ए० के० त्रिपाठी
नगर स्वास्थ्य अधिकारी
सहारनपुर नगर निगम

नगर निगम कार्यालय तथा परिसर का निरिक्षण-

स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत नगर आयुक्त डा नीरज शुक्ला ने नगर निगम परिसर में स्वच्छता की स्थिति, प्रस्तावित तथा चल रहे निर्माण कार्यो की स्थिति तथा प्रगति का निरीक्षण किया। नगर निगम परिसर में स्थित प्रसाधन गृह के निरीक्षण कर नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा० ए०के० त्रिपाठी को सफाई तथा व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया। नगर निगम परिसर में चल रहे नाले के निर्माण कार्य का निरिक्षण कर उन्होंने ए०ई बिजेंद्र पाल तथा जेई प्रदीप श्रीवास्तव को उक्त कार्य शीघ्र पूर्ण करा कर सफाई करने के निर्देश दिये। नगर आयुक्त ने संपत्ति कर विभाग का भी निरिक्षण किया। जहाँ उन्होंने भवन कर जमा कर रहे लोगों से वार्ता कर उनकी सुविधा तथा असुविधा के बारे में जाना और बिल जमा करने के उपरान्त करदाताओं को नगर निगम की ओर से प्राप्त होने वाले एस.एम.एस. को भी देखा। जन्म-मृत्यु पंजीकरण पटल पर जाकर उन्होंने प्रमाणपत्र जारी होने की प्रक्रिया तथा ऑनलाइन जारी होने में लगने वाले समय की जानकारी लेकर सम्बंधित अधिकारी को नियमानुसार ससमय प्रमाणपत्र जारी करने के निर्देश दिये।

नगर निगम परिसर में स्वछता की स्थिति, प्रस्तावित तथा चल रहे निर्माण कार्यों के साथ संपत्ति कर विभाग में कर संग्रहण की स्थिति तथा व्यवस्था का निरिक्षण करते नगर आयुक्त डा० नीरज शुक्ला के साथ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा० ए० के० त्रिपाठी, निर्माण विभाग के अभियंता तथा अन्य।

सहारनपुर स्मार्ट सिटी प्रस्ताव में संशोधन हेतु बैठक-

सहारनपुर स्मार्ट सिटी मिशन "सहार्ट" में पूर्व में तैयार किये गये प्रस्ताव में किये गये संशोधनों पर विचार विमर्श करने हेतु नगर आयुक्त डा० नीरज शुक्ला ने दिनांक 08-03-16 को सायं 04:30 पर एक अवश्यक बैठक आहूत की जिसमें स्मार्ट सिटी कंसल्टेंट टीम के सदस्यों के साथ अपर नगर आयुक्त सच्चिदानंद सिंह, नगर स्वस्थ अधिकारी डा० ए० के० त्रिपाठी, महा प्रबंधक जलकल पी० के० गुप्ता तथा अन्य विभागीय अधिकारी नगर आयुक्त कार्यालय में उपस्थित हुए। उक्त बैठक में पूर्व में तैयार किये गये प्रस्ताव में किये गये संशोधनों तथा आगामी योजना पर विचार विमर्श किया गया।

सहारनपुर स्मार्ट सिटी प्रस्ताव में संशोधन पर विचार विमर्श करते नगर आयुक्त डा० नीरज शुक्ला, अपर नगर आयुक्त सच्चिदानंद सिंह, नगर स्वस्थ अधिकारी डा० ए० के० त्रिपाठी, महाप्रबंधक जलकल पी०के० गुप्ता तथा अन्य विभागीय अधिकारी।

सहार्ट के संशोधित प्रस्ताव पर नागरिकों से सुझाव व विचार मांगे गये-

दिनांक 08-03-16 को सायंकाल दैनिक जागरण की ओर सहारनपुर क्लब में आयोजित संगिनी कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को मिशन स्मार्ट सिटी सहारनपुर "सहार्ट" में किये गये संशोधनों से अवगत कराते हुए नगर आयुक्त डा० नीरज शुक्ला ने उपथित जनसमूह को स्मार्ट सिटी मिशन अंतर्गत जन सहभागिता का महत्व समझाते हुए उनसे सुझाव तथा विचार उपलब्ध कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित स्मार्ट सिटी कंसल्टेंट टीम के सलाहकार के० सुरजीत तथा उनकी टीम के सदस्यों ने उपस्थित जनसमूह को को सहार्ट तथा उसमें किये गये संशोधन के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

सहारनपुर क्लब में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सहार्ट के संशोधित प्रस्ताव तथा स्मार्ट सिटी मिशन के अगले चरण की जानकारी देते नगर आयुक्त डा० नीरज शुक्ला।

नागरिकों के विचार

नगर निगम सहारनपुर की ओर से स्मार्ट सिटी बनने हेतु किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं, नगर निगम की ओर से चौराहों पर सीसीटीवी युक्त आधुनिक ट्रैफिक बूथ लगाये जा रहे हैं, परन्तु उनके संचालन की कोई व्यवस्था नहीं हैं, ट्रैफिक या सुरक्षा से सम्बंधित कोई भी कर्मचारी या अधिकारी उसमें नहीं होता है, उसमे लगाये गये कैमरे दिशाहीन स्थिति में ही दिखाई देते हैं, आस पास कोई अप्रिय घटना होने पर उनकी रिकार्डिंग का कोई लाभ मिलना संभव नहीं होगा। जबकी सहारनपुर स्मार्ट सिटी प्रस्ताव में सहारनपुर के नागरिकों ने सबसे अधिक मांग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थी और सर्वाधिक वोट भी सीसीटीवी के माध्यम से ट्रैफिक नियंत्रण तथा सर्विलांस को मिले थे। नगर में स्कूल/कालेज के खुलने तथा बंद होने के समय भारी तथा ओवरलोडेड वाहनों को प्रवेश की अनुमति बिलकुल भी नहीं होने चाहिये।

पुष्पा चौधरी,
निवासी-कोर्ट रोड

मच्छरों से बचाव हेतु नगर निगम के फागिंग कार्य का रोस्टर -

नगर निगम सहारनपुर ने मौसम में परिवर्तन के साथ ही, पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर में मच्छरों के प्रकोप को ख़त्म करने तथा लोगों को सफाई के प्रति जागरूक कराने हेतु पूरी तैयारी कर ली है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशों के क्रम में नगर के सभी भागों में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिये फागिंग तथा एन्टी-लार्वा दवाओं के छिड़काव के लिये समय सारणी बना ली है, फागिंग का कार्य 27 मार्च, 2016 से आरम्भ किया जायेगा जो अगले माह 09 अप्रैल, 2016 तक निम्न सफाई निरीक्षकों के नेतृत्व में सम्बंधित क्षेत्रों में चलेगा-

दिनांक		सम्बंधित सफाई निरीक्षक
1- 27-03-16	-	श्री मनोज सुश्री प्लाक्षा श्रीमती अमर ज्योति श्री राजीव
2- 28-03-16	-	श्री दीपक
3- 29-03-16	-	श्री नीरज
4- 30-03-16	-	सुश्रीप्लाक्षा
5- 31-03-16	-	सुश्रीप्लाक्षा
6- 01-04-16	-	श्री राजीव
7- 02-04-16	-	श्री राजीव
8- 04-04-16	-	श्री सुभाष
9- 05-04-16	-	श्री सुभाष
10- 06-04-16	-	श्री अमर ज्योति
11- 07-04-16	-	श्री मनोज
12- 08-04-16	-	श्री ओमवीर
13- 09-04-16	-	श्रीमती अमर ज्योति

उपरोक्त फागिंग कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिये निम्न दूरभाष संख्या पर संपर्क किया जा सकता है -

- **नगर स्वास्थ्य अधिकारी-**
  डा० ए० के० त्रिपाठी- 8477008068
- **मुख्य सफाई निरीक्षक -**
  श्री राजेन्द्र कुमार- 8477008040

नगर निगम सहारनपुर सदैव आपकी सेवा में तत्पर है और नगर निगम अपने सभी नगरवासियों से यह अनुरोध करता है की आप अपने आस पास सफाई रखें तथा खुले स्थानों पर देर तक पानी एकत्र न होने दें, मच्छरों के प्रकोप से स्वयं को तथा अपने परिवार को सुरक्षित रखे।

सहारनपुर नगर निगम की अपग्रेड वेब साईट का लोकार्पण-

दिनांक 22 फरवरी, 2016 को प्रात: 11:00 बजे नगर निगम के सभागार में सहारनपुर नगर निगम की अधिकारिक वेब साईट **www.saharanpurnagarnigam.in** के अपग्रेड प्रारूप के लोकार्पण हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नगर निगम के सभी कर्मचारीयों तथा अधिकारीयों को आमंत्रित किया गया था। वेब साईट का लोकार्पण नगर आयुक्त डा० नीरज शुक्ला ने अपने कर कमलों से किया, जिसके उपरान्त मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डी० एम० कटियार ने वेब साईट की विशेषताओं के बारे में बताये। उन्होंने यह भी बताया की संपत्ति कर को आनलाइन कराये जाने का कार्य चल रहा है जो मार्च,2016 के अंत तक पूर्ण हो जायेगा।

नगर निगम के सभाकक्ष में सहारनपुर नगर निगम की अपग्रेड वेब साईट का लोकार्पण करते नगर आयुक्त डा० नीरज शुक्ला के साथ मुख्य कर निर्धारण अधिकारी/ उप नगर आयुक्त डी० एम० कटियार, कर निर्धारण अधिकारी केशव प्रसाद तथा अन्य।

14वां वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अंतर्गत कार्यों का प्रस्ताव-

शासनादेश संख्या- 8/ 8780/ 171/ 14वें सी०एफ़०सी०/ 2015-16 लखनऊ दिनांक 04 सितम्बर, 2015 के अनुसार उक्त मद में अंकित रु०78884720.00/- की धनराशि सहारनपुर नगर निगम को प्राप्त हुई है। जिसके सापेक्ष विभिन्न प्रस्तावित कार्यों हेतु स्वीकृति/प्रस्तावित धनराशि मदवार निम्नवत है-

(क) जलापूर्ति- रु० 179.06 लाख
(ख) सड़क निर्माण- रु० 396.74 लाख
(ग) जल निकासी- रु० 53.95 लाख
(घ) मल-जल- रु० 33.67 लाख
(ड़) ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन- रु० 152.02 लाख
(च) पथ प्रकाश- रु० 876.02 लाख

उपरोक्त सभी मदों पर व्यय हेतु कार्ययोजना के अनुसार कार्यवाही आरम्भ कर दी गयी है और ई-टेंडरिंग की कार्यवाही की जा रही है, जिससे उक्त धनराशि का उपयोग ससमय कर नगर वासियों को सुविधाये उपलब्ध करायी जा सकें। उक्त टेंडरों के बारे में अधिक जानकारी नगर निगम की वेब साईट से प्राप्त की जा सकती है।

नगर निगम, सहारनपुर

14वां वित्त आयोग समिति

की

बैठक का एजेन्डा

दिनांक 11.01.16

(डा० नीरज शुक्ला)
नगर आयुक्त

नगर निगम के वार्षिक ठेकों के लिये निविदा प्रक्रिया का प्रयोग-

नगर निगम प्रशासन ने पार्किंग, मंडी, मृत पशु निस्तारण आदि के वार्षिक ठेकों के लिये इस वर्ष नया प्रयोग करते हुए निविदा प्रक्रिया अपनायी। जिसके लिये नगर आयुक्त डा० नीरज शुक्ला ने एक तीन सदस्यों की समिति का गठन किया था, जिनकी देख रेख में उक्त निविदा प्रक्रिया पूर्ण होनी थी। इस नये प्रयोग में नगर निगम को भारी सफलता मिली। पूर्व वर्षों में खुली बोली के माध्यम से वार्षिक ठेके होते आ रहे थे, जिसमें निगम को हानि हो रही थी, परन्तु इस वर्ष उक्त वार्षिक ठेकों हेतु नगर निगम को पूर्व वर्ष की तुलना में लगभग दोगुना राजस्व प्राप्त होगा।

वार्षिक ठेकों का विवरण-

- **रेत बजरी पार्किंग-43 लाख**
- **जुबली पार्क पार्किंग-16 लाख**
- **भूसा मंडी-5.81 लाख**
- **मृतपशु निस्तारण-2.45 लाख**
- **मछली मंडी-1.13 लाख**
- **पार्श्वनाथ पार्किंग-10 लाख**
- **पशु मंडी- 85 लाख**
- **फन प्वाइंट- 11.20 लाख**

इसके अतिरिक्त श्री व्हीलर्स पार्किंग, अम्बला रोड़ बस स्टैंड, जीपीओ रोड पार्किंग, पालिका बाजार पार्किंग तथा नगर निगम परिसर पार्किंग ठेकों की नीलामी कोई भी निविदा प्राप्त न होने के कारण नहीं हो पायी है। कुल 13 वार्षिक ठेके होने थे, जिनमें से अभी तक मात्र 8 ठेके ही किये जा सके हैं, शेष ठेकों की निविदा के लिये शीघ्र ही निर्णय ले कर निर्धारित प्रक्रिया अपनायी जायेगी।

वार्षिक ठेकों के लिये आमंत्रित निविदाओं को आवेदकों के समक्ष खोलते अपर नगर आयुक्त सच्चिदानंद सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डी० एम० कटियार व लेखाधिकारी राजीव चौधरी।

नागरिकों के विचार

स्वच्छता तथा सफाई को लेकर नगर निगम सहारनपुर की और से चलाया जा रहा अभियान एक अच्छा कदम है, परन्तु नगर निगम को इसके साथ साथ फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने तथा फुटपाथ न होने पर नये फुटपाथ बनाने हेतु भी अभियान चलाना चाहिये। जिससे पैदल चलने वाले पथिकों को सुविधा तथा सड़क पर चल रहे वाहनों से सुरक्षा भी मिलेगी। नगर की एक प्रमुख समस्या सड़क पर उड़ने वाली मिट्टी तथा धूल है, जो प्रदुषण का प्रमुख कारण है, नगर निगम को सड़कों को धूल-मिट्टी से मुक्त करने हेतु भी विचार करना चाहिये और सडको से उड़ने वाली धूल-मिट्टी की सफाई हेतु आधुनिक वाहनों तथा मशीनों का भी प्रयोग होना चाहिये। जिससे पैदल चलने वालो तथा मुख्य मार्गों के आस पास रहने वाले लोगो तथा पेड़ पौधों पर उड़ने वाली धूल-मिट्टी का दुष्प्रभाव नहीं पडेगा तथा प्रदुषण का स्तर भी नियंत्रित किया जा सकेगा।

नीलेश गुप्ता,
निवासी-प्रताप नगर

पांवधोई नदी के तट पर बैसाखी मेले के आयोजन की तैयारी-

श्रीरामलीला कमेटी के तत्वाधान में बाबा लालदास बाड़े पर आयोजित होने वाले बैसाखी मेले की तैयारी हेतु नगर आयुक्त डा० नीरज शुक्ला ने कमेटी पदाधिकारियों व पांवधोई बचाव समिति के साथ दिनांक 08-03-16 को मेला स्थल का निरीक्षण किया।
डा० नीरज शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा० ए०के० त्रिपाठी, महा प्रबंधक जल-कल पी०के० गुप्ता, अधिशाषी अभियंता अलोक कुमार तथा नगर निगम के कर्मचारियों के साथ प्रात: बाबा लालदास बाडा पहुंचे, जहाँ निरिक्षण के उपरान्त उन्होंने समिति के सदस्यों को नगर निगम के पूरे सहयोग का आश्वासन दिया ।

दिनांक 13-04-16 को बाबा लाल दास बाड़े पर पावं धोई नदी के तट पर आयोजित होने वाले बैसाखी मेल हेतु की जाने वाली आवश्यक तैयारी हेतु को पांवधोई बचाव समिति के सदस्यों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधिकारीयों को आवश्यक निर्देश देते नगर आयुक्त डा० नीरज शुक्ला।

Om Parkash Sehgal

Govt. Contractor & Suppliers

TIN NO-09671600154

For any type of Government Contract & Supply Please contact-
Mr. Om Prakash Sehgal (Proprietor)
House No-C/8, Hakikat Nagar,
Saharanpur-247001 (UP)
Mob No-+91-9760018856

शिकायत, जनसूचना तथा अन्य-

<u>शिकायत/ समस्या निस्तारण हेतु</u>
<u>दूरभाष संख्या</u> -
1800-180-5432
1800-180-3316
<u>जनसूचना अधिकारी</u>
श्री एस.बी. अग्रहरी

नगर निगम ने नागरिकों की सुविधा हेतु सड़कों पर पथ प्रकाश की व्यवस्था की है, जिसे ससमय जलाने व बंद करने हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है, आप से अनुरोध है की नगर निगम अंतर्गत यदि कोई भी स्ट्रीट लाईट जलती हुई पायी जाए तो तत्काल नगर निगम कार्यालय को निम्न दूरभाष संख्या पर सूचित करें-

1- श्री एस.बी. अग्रहरी (प्रभारी पथ प्रकाश) दूरभाष- +91-8477008051
2- श्री संत कुमार (स्टोर कीपर) दूरभाष- +91-8477008089
3- श्री विनोद कुमार दूरभाष- +91-8477008069

सहारनपुर नगर निगम, सहारनपुर - 247001, (उ०प्र०), दूरभाष-0132-2614720, फैक्स-0132-2614730
वेब साइट- www.saharanpurnagarnigam.in, ई-मेल- nagarnigamsaharanpur@gmail.com,
फेसबुक-www.facebook.com/saharanpurnagarnigam